लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर) चित्तौड़गढ़
पीठासीन अधिकारी **के. के. शर्मा,** आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या/53/2020 (सू.अ.)
पंजीयन दिनांकः– 01.07.2020

श्री राजेन्द्र पुरोहित निवासी बून्दी रोड़, चित्तौड़गढ़

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम–2005

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 21.07.2020

सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार के यहां सूचना चाहने हेतु एक आवेदन दिनांक 12.05.2020 को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत आवेदन पर 30 दिवस की अवधि में भी अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराने से यह अपील प्रस्तुत की गई।

अपील दर्ज रजिस्टर की जाकर इस न्यायालय के पत्रांक प्र.सं. सूचना का अधिकार 53/2020/(21.07)/430 दिनांक 01.07.2020 से सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार को दिनांक 21.07.2020 से पूर्व कमेंट्स प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए, अपीलार्थी को भी समसंख्यक पत्रांक (रजिस्टर्ड) से नियत दिनांक 21.07.2020 को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित होने के लिये लिखा गया।

रजिस्टर्ड पत्र के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी अपीलार्थी नियत दिनांक को अपना पक्ष रखने हेतु उपस्थित नहीं हुआ। सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार ने अपने पत्र क्रमांक/सूचना/2020/451 दिनांक 11.07.2020 से कमेंट्स प्रेषित किये जो इस प्रकार हैः–

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर), चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

प्रकरण संख्या 53/2020 (सू.अ.)
श्री राजेन्द्र पुरोहित निवासी बून्दी रोड़, चित्तौड़गढ़ बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार

अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील में पंचायत आम चुनाव, 2020 में सरपंच प्रत्याशियों के प्रचार के बिलों की प्रतियां चाही जा रही है, उक्त संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्याशियों से चुनाव खर्च के संबंध में "प्रारूप–क" में हिसाब मांगा गया था, जिसमें चुनाव खर्च के बिल प्राप्त करने के कोई प्रावधान/निर्देश नहीं होने से किसी भी प्रत्याशी से बिल नहीं लिये जिससे अपीलार्थी द्वारा चाहे गये बिल इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने से अपीलार्थी को उपलब्ध नहीं कराये गये जिसका उल्लेख अपीलार्थी को प्रेषित सूचना दिनांक 04.06.2020 के बिन्दु संख्या 1 में स्पष्ट रूप से किया जा चुका है। अपीलार्थी द्वारा चाहे गए बिल इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने से उपलब्ध कराया जाना सम्भव नहीं है। अपीलार्थी को वांछित सूचनाऐं इस कार्यालय के पत्रांक 447 दिनांक 04.06.2020 से उपलब्ध करा दी गई है। (छाया प्रति संलग्न)

हमने अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत अपील तथा सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार द्वारा अपने पत्रांक/सूचना/2020/451 दिनांक 11.07.2020 से प्रेषित कमेंट्स तथा उसके संलग्न अनुलग्नकों का अवलोकन कर उस पर मनन किया। जिसके अनुसार अपीलार्थी को उसके द्वारा वांछित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार द्वारा अपने पत्रांक/सूचना/2020/447 दिनांक 04.06.2020 से बिन्दुवार उपलब्ध कराई जा चुकी है।

जहां तक अपीलार्थी का बिलों की प्रतियां उपलब्ध नहीं कराई जाने का कथन है वहां स्पष्ट करना चाहेंगे कि अपीलार्थी को सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार द्वारा जरिये पत्रांक 447 दिनांक 04.06.2020 से उपलब्ध कराई गई सूचना के बिन्दु संख्या 1 मे स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि "अभ्यर्थियों से चुनाव खर्चे का विवरण निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार "प्रारूप–क" में प्राप्त किया गया है अभ्यर्थियों/प्रत्याशियों से चुनाव खर्चे के बिल नहीं मांगे गऐ थे जिससे बिल इस कार्यालय में उपलब्ध नहीं है।"

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रकरण संख्या 53 / 2020 (सू.अ.)
श्री राजेन्द्र पुरोहित निवासी बून्दी रोड़, चित्तौड़गढ़ बनाम सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपीलार्थी को सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार द्वारा, उसके द्वारा वांछित बिन्दुवार सूचना / प्रतिलिपियां जरिये ड़ाक द्वारा उपलब्ध कराई जा चुकी है जिससे इस प्रकरण में कोई कार्यवाही शेष नहीं रहती है। निष्कर्षतः अपील अपीलार्थी सारहीन होने से खारीज की जाती है।

(के. के. शर्मा)
आई.ए.एस.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलेक्टर)
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी, जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

क्रमांक / सरिश्ता / प्र.सं. / 53 / 2020(सू.अ.) / 481 दिनांकः— 21 / 07 / 2020

प्रतिलिपिः—

1. सहायक लोक सूचना अधिकारी (राजस्व) एवं उपखण्ड अधिकारी, गंगरार
2. श्री राजेन्द्र पुरोहित निवासी बून्दी रोड़, चित्तौड़गढ़ तहसील व जिला चित्तौड़गढ़

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
(जिला कलक्टर)
चित्तौड़गढ़ (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी
जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ (राज.)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official